# अर्द्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा -2022-23

## कक्षा -8

## विषय -विज्ञान

समय -2.45 मिनट पूर्णांक -70

==========================================

प्र.1 सही उत्तर का चुनाव कीजिए-

(I) उचित समय एवं अंतराल पर फसल को जल देना कहलाता है-

(अ) सिंचाई (ब) थ्रेसिंग

(स) निराई (द) बुवाई

(II) निम्न में से कौन सा प्रतिजैविक हैं -

(अ) सोडियम बाइकार्बोनेट (ब) स्ट्रेप्टोमाइसिन

(स) एल्कोहल (द) यीस्ट

(III) निम्न में से कृत्रिम रेशम हैं-

(अ) नायलॉन (ब) रेयॉन

(स) एक्रेलिक (द) पॉलिस्टर

(IV) निम्नलिखित में से किसको पीटकर पतली चादरों में परिवर्तित किया जा सकता है ?

(अ) जिंक (ब) फास्फोरस

(स) सल्फर (द) ऑक्सीजन

प्र.2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

(क) फास्फोरस बहुत ……………………अधातु है ।

(ख) धातुएं ऊष्मा और………….. की……………. होती है ।

(ग) आयरन कॉपर की अपेक्षा …………… अभिक्रियाशील है ।

(घ) धातुएं अम्लो से अभिक्रिया कर ……………… गैस बनाती हैं।

प्र.3. यदि कथन सही है तो ' T ' और यदि गलत है तो कोष्टक में ' F ' लिखिए-

(क) कोशिका मूलभूत संरचनात्मक इकाई है ।

(ख) प्रत्येक अंग पुनः छोटे भागों से बना होता है जिसे कोशिका कहते हैं ।

(ग) क्लोरोफिल एक हरा रंजक पदार्थ है जो प्रकाश संश्लेषण के लिए आवश्यक हैं ।

(घ) जंतु कोशिका में कोशिका भित्ति पाई जाती हैं ।

प्र.4. कोशिका की खोज किसने की?

प्र.5. पौधों की उचित वृद्धि के लिए कौन-से कारक उत्तरदायी हैं ?

प्र.6. सूक्ष्म जीवों के मुख्य वर्ग कौन-कौन से हैं?

प्र.7. कुछ रेशे संश्लेषित क्यों कहलाते हैं ?

प्र.8. सोडियम और पोटेशियम को मिट्टी के तेल में क्यों रखा जाता है?

प्र.9. आघातवर्धनीयता स आप क्या समझते हैं?

प्र.10.जीवाश्म ईंधन समाप्त होने वाले प्राकृतिक संसाधन क्यों हैं समझाइए।

प्र.11. ईंधन के रूप में एलपीजी और लकड़ी की तुलना कीजिए।

प्र.12 पादप कोशिका एवं जंतु कोशिका का रेखा चित्र बनाकर उनमें तीन अंतर लिखिए ।

प्र.13 सजीवों के लिए जनन क्यों महत्वपूर्ण है ? समझाइए ।

प्र.14.मनुष्य में निषेचन प्रक्रम को समझाइए ।

प्र.15. वर्णन कीजिए घर्षण किस प्रकार शत्रु एवं मित्र दोनों हैं?

प्र.16 ऋतुस्राव क्या है ? वर्णन कीजिए।

प्र.17 निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए-
(क) संकटापन्न एवं विलुप्त स्पीशीज
(ख) वनस्पतिजात एवं प्राणिजात
प्र.18.प्रतिजैविक क्या है ? प्रतिजैविक लेते समय कौन-सी सावधानियां रखनी चाहिए?

उत्तर= प्रतिजैविक -सूक्ष्मजीवों द्वारा प्राप्त होने वाली ऐसी औषधि जो सूक्ष्मजीवों को नष्ट कर देती हैं या उनकी वृद्धि को रोकती है। इस प्रकार की औषधि प्रतिजैविक कहलाती है।
स्ट्रेप्टोमायसिन , टेट्रासाइक्लिन और एरिथ्रोमाइसिन प्रमुख प्रतिजैविक हैं। वे रक्त के अंदर शरीर की कोशिकाओं को बिना हानि पहुंचाए जीवाणुओं को मारती है।
सावधानियां -
(I) प्रतिजैविक हमेशा डॉक्टर की सलाह पर लेनी चाहिए।
(II) डॉक्टर द्वारा परामर्श की गई सभी दवाओं का कोर्स पूरा करना चाहिए।
(III) सर्दी जुकाम एवं फ्लू में प्रतिजैविक प्रभावशाली नहीं है क्योंकि यह रोग वायरस द्वारा फैलते हैं।